

पटना, रविवार, १५ नवम्बर, २०२६ सौर २९ कार्तिक सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ☆☆ | नगर संस्करण १२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा

प्रत्यक्षदेव सूर्य को पहला अर्घ्य आज

छठी मइया के गूंजते गीत के बीच व्रतियों के स्वागत को घाट तैयार

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। लोकधुनों पर छठी मइया के गूंज रहे गीतों के बीच लोक आस्था का महापर्व छठ में व्रतियों का छत्तीस घण्टे का निर्जला उपवास शुरू हो गया

खरना संपन्न

है। खरना के साथ ही साधना-उपासना का यह लोकपर्व अपने परवान पर है। व्रतियों के घरों से लेकर घाटों तक जाने वाली सड़कें जगमग हैं। रोशनी की रंगबिरंगी छटा पसरी हुई है। हर घाट व्रतियों के साथ माथे पर अर्घ का दउरा लेकर आने वाले परिजनों के स्वागत को तैयार हैं। नदियों में जल हिलोरें ले रहीं हैं। सरोवर पवित्रता का एहसास करा रहे हैं।



छत्तीस घण्टे के निर्जला उपवास पर जाने के पहले व्रतियों ने शनिवार को शाम के विदा होने के बाद रात के चढ़ते पहले पहर में खरना किया। खरना षष्ठी देवी यानी छठी मइया की उपासना है। व्रतियों ने पारंपरिक तरीके से षष्ठी देवी को केले के पवित्र पत्ते पर गुड़ की खीर, घी लगी रोटी एवं पके हुए केले अर्पित किया। ऐसे भी व्रती हैं, जिन्होंने अपनी परंपरा के अनुरूप षष्ठी देवी को अरवा चावल का भात और चने की दाल अर्पित किया गया। षष्ठी देवी को अर्पण के बाद व्रतियों ने उसे प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। इसके पहले व्रती सूर्योदय के पहले से ही निर्जला उपवास पर थे। खरना का प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रती छत्तीस घण्टे के निर्जला उपवास पर चले गये।

(शेष पृष्ठ ९ पर)

मैट्रिक-इंटर सेंटअप परीक्षा का शेड्यूल जारी

पटना (आससे)। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शनिवार को मैट्रिक और इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा-2027 में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए सेंटअप परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है।

इंटरमीडिएट की सेंटअप परीक्षा 19 से 28 नवंबर तक आयोजित होगी। इसकी प्रायोगिक परीक्षा 30 नवंबर से दो दिसंबर तक होगी।वहीं मैट्रिक की

(शेष पृष्ठ ९ पर)

हवाई किराया 50 फीसदी बढ़ा

(आज समाचार सेवा)

नयी दिल्ली। छठ पर्व के बीच हवाई किराये में पिछले १५ दिनों के दौरान करीब ५० फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है। चैंबर अहफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने इस पर चिंता जताते हुए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु को पत्र लिखकर

(शेष पृष्ठ ९ पर)

जेपी गंगा पथ से जुड़ेगा पटना साहिब रेलवे स्टेशन: सम्राट

52.54 करोड़ का प्रोजेक्ट जल्द पूरा करने का निर्देश

पटना(आससे)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को पटना सिटी के समीप जेपी गंगा पथ अंतर्गत पटना साहिब रेलवे स्टेशन से पटना घाट तक निर्माणाधीन संपर्क पथ का निरीक्षण किया।



इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार पाल ने इस परियोजना के निर्माण कार्य से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस संपर्क पथ की कुल

(शेष पृष्ठ ९ पर)

14.78 करोड़ से संवरेगा तरारी का प्राचीन देव सूर्य मंदिर

भोजपुर(आससे)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भोजपुर जिले के तरारी स्थित प्राचीन देव सूर्य मंदिर के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। यह उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इन कार्यों पर 14.78 करोड़ रुपये की लागत आई है।

मुख्यमंत्री ने लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार से रिमोट द्वारा यह उद्घाटन किया। उन्होंने छठ महापर्व के दूसरे दिन समस्त राज्यवासियों को हार्दिक बधाई दी। सम्राट चौधरी ने कहा कि देव सूर्य मंदिर अत्यंत प्राचीन और धार्मिक आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां बड़ी

(शेष पृष्ठ ९ पर)

छुट्टी की सूचना

छठ महापर्व के अवसर पर 'आज' प्रेस एवं कार्यालय १५ नवम्बर (रविवार), २०२६ को बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक १७ नवम्बर (मंगलवार) को प्रकाशित होगा।

शुभकामना

छठ महापर्व के अवसर पर सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभेच्छुओं, समाचार पत्र अभिकर्ताओं एवं हॉकर बंधुओं को 'आज' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक

प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा पर खर्च होंगे 1,274 करोड़

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य के सरकारी स्कूलों में खेलकूद, यूथ एवं इको क्लब, विज्ञान प्रदर्शनी और पुस्तक मेले के आयोजन के लिए आवंटित राशि का इस्तेमाल अब शिक्षकों के प्रशिक्षण पर भी किया जायेगा।

शिक्षकों की ट्रेनिंग पर खर्च होगी दूसरे मदों की भी राशि

इस बाबत बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक नवदीप शुक्ला ने राज्य के सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। प्रखंड संसाधन केंद्रों (बीआरसी) को इन गतिविधियों के लिए आवंटित राशि वापस लेकर शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों को उपलब्ध करानी है। प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत विभिन्न मदों में खर्च के लिए जिलों

(शेष पृष्ठ ९ पर)

प्राइवेट बैंकों में नहीं जमा होगी सरकारी राशि

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी राशि को बैंकों में जमा रखने को लेकर नयी गाइडलाइन जारी की गयी है। इसके तहत विभाग की सरकारी राशि अब केवल 12 राष्ट्रीयकृत बैंकों में ही रखी जायेगी। निजी बैंकों जैसे एचडीएफसी, एक्सिस और आइसीआइसीआइ बैंक में सरकारी राशि जमा करने पर रोक लगायी गयी है। इस बाबत शिक्षा विभाग के निदेशक (प्रशासन) विजय कुमार पांडेय ने सभी क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशकों, जिला शिक्षा पदाधिकारियों, जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों और प्रखंड शिक्षा

बच्चों का अभिभावक के साथ खुलेगा संयुक्त खाता

पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिला मुख्यालयों में भी सरकारी राशि केवल 12 राष्ट्रीयकृत बैंकों में ही रखी जायेगी। निजी बैंकों में सरकारी राशि जमा नहीं की जायेगी। विभागीय समीक्षा में पाया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में केवल सरकारी और राष्ट्रीयकृत बैंकों की ही शाखाएं उपलब्ध हैं। निजी बैंकों की शाखाओं का विस्तार मुख्य रूप से शहरी क्षेत्रों तक सीमित है। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) के 31 मार्च, 2026 के आंकड़ों के अनुसार राज्य में सरकारी बैंकों की 4220 शाखाएं हैं। वहीं, एचडीएफसी, एक्सिस और आईसीआईसीआई जैसे निजी बैंकों की 1439 शाखाएं हैं। इस तरह इन दोनों श्रेणियों में राज्य में कुल

(शेष पृष्ठ ९ पर)

अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में भारत ने पाक को हराया

पीएम ने दी बधाई

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय टीम ने अंडर-19 एशिया कप के



फाइनल में पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में एक विकेट से हराया। इंडिया वर्सेस पाकिस्तान मुकाबला में शनिवार को रोमांच की सारी हदें पार हो गई। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9

(शेष पृष्ठ ९ पर)

आधा सेंटीमीटर से भी छोटे छेद से दूरबीन द्वारा फुल स्पाईन की हर तरह के ऑपरेशन के लिए पूर्वी भारत का पहला केन्द्र

● कोई चीरा नही ● बेहोशी की जरूरत नही
● कम खर्च / रियायती ● खून चढ़ाने की जरूरत नही
● दो घंटे में चलना, दर्द रहित ● अगले दिन छुट्टी

KINGS WAY PATNA
किंग्सवे मेडिकल सेन्टर, पटना
Mob. : 7033000109
(पी.जी. आई. चंडीगढ़ के डाक्टरों द्वारा संचालित)
देश व दुनिया के सर्वोच्च संस्थानों में कार्य अनुभव



डा. आनंद भूषण
MBBS (मणिपाल), MS ऑर्थो, राजस्थान (गोल्ड मेडल)
SRD (पी.जी.आई., चंडीगढ़)
किंग्स कॉलेज, लंदन, UK WWL हॉस्पीटल, राइनिंगटन, इंग्लैंड
हड्डी जोड़, नस, लिगामेंट एवं गठिया रोग विशेषज्ञ
स्पाईन एंडोस्कोपी व ज्वाइंट सर्जन (दूरबीन पद्धति)

अयोध्या से जनकपुर धाम ट्रेन बिहार के 5 जिलों से गुजरेगी

पटना(आससे)। भगवान राम की जन्मभमि अयोध्या से मां सीता की नगरी नेपाल के जनकपुर धाम के बीच सीधी ट्रेन सेवा 23 नवंबर को शुरू होगी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के पीएम बालेन शाह वर्चुअल माध्यम से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। अयोध्या-जनकपुर ट्रेन बिहार के 5 जिलों से होकर गुजरेगी। मां सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी में इसका



ठहराव होने की संभावना है। उद्घाटन के दिन अयोध्या निकलने के बाद नेपाल सीमा पर स्थित मधुबनी के जयनगर में ट्रेन का भव्य स्वागत होगा। जयनगर से ही यह ट्रेन नेपाल में प्रवेश करेगी।जनक नंदिनी माता सीता की जन्मस्थली नेपाल के जनकपुरधाम और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की नगरी अयोध्या सीधी रेल सेवा से जुड़ेगी।

(शेष पृष्ठ ९ पर)

यहां भी पढ़ें
website :-
www.ajhindidaily.com
For e-Paper
www.ajhindidaily.com
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राइव करें

कांग्रेस ने यूपी में मांगी 181 सीटें

(आज समाचार सेवा)

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव २०२७ को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे की चर्चा तेज हो गई है। इस बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने खुलासा किया है कि कांग्रेस ने विधानसभा की ४०३ सीटों में से

(शेष पृष्ठ ९ पर)

बंगाल की खाड़ी में उठ रहा चक्रवाती तूफान अकवान

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को बताया कि दक्षिण-पूर्वी बंगाल की



खाड़ी के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र अब और अधिक स्पष्ट हो गया है। इसके अगले 24 घंटों के भीतर एक डीप डिप्रेशन में बदलने की संभावना

(शेष पृष्ठ ९ पर)

कल्याण सेवा संस्थान पटना, बिहार द्वारा संचालित
SWAMI VIVEKANAND VIDYAPEETH
Madhav Villa, Swami Vivekanand College Road, Simultala (Jamui)
Recognised by : NCTE, INC, NIOS, Govt. of India, Affiliated to: Bihar University of Health Sciences, BSEB, MMHA&PU, Govt. of Bihar
Website : www.svncsimultala.org, www.svbedcollege.org, www. svpmc.org
6207460360, 6203279277, 7070665388, 7209421792



COURSES OFFERED
PARAMEDICAL COURSES
MASTER DEGREE
• Master in Physiotherapy (MPT)
• Master in Medical Radio Imaging (MRIT)
• Master in Medical Lab Technology (MMLT)
BACHELOR
• Bachelor in Physiotherapy (BPT)
• Bachelor in Medical Lab Technology (BMLT)
• Bachelor in O.T. Assistant (BOTA)
• Bachelor in Medical Radio Imaging (BMRIT)
DIPLOMA / CERTIFICATE
• Diploma in ECG Technology (DECG)
• Diploma in Medical Lab Technology (DMLT)
• Diploma in Sanitary Inspector (DSI)
• Certificate in Medical Dresser (CMD)
EDUCATION
• Bachelor in Education (B.Ed.)
• Dip. in Elementary Edu. (D.El.Ed.)
NURSING
• Auxiliary Nurse Midwife (ANM)
• General Nursing and Midwifery (GNM)
• Post Basic B.Sc. Nursing
• B.Sc. Nursing
• M.Sc. Nursing
LIBRARY SCI.
• Bachelor in Library Science (B.Lis)
MUSIC
• Classical Vocal
• Instrumental
• Dance & Painting
STUDENT CREDIT CARD FACILITY AVAILABLE
Dr. Vikash Kr. Gupta Director
Dr. U.P. Gupta Chairman
NATIONAL INSTITUTE OF HEALTH EDUCATION & RESEARCH (NIHE&R)
I.D.H. Colony, East of Nalanda Medical College & Hospital, Gulzarbagh, Patna-7 (Bihar)
9031002570, 9006181691
Calling hours 9:00 AM to 5:00 PM
Websites - niher.org.in E-mail: kalyansevasansthan@gmail.com

K.S.S. COLLEGE OF PHARMACY
KSSCP
Affiliated By : Pharmacy Council Of India, Govt. of Bihar, B.U.H.S, Patna
Website: www.ksscpbihar.com, Email Id: ksscpsimultala@gmail.com, Contact: 6207460360
(M.Pharm specialities: Pharmaceutics, Pharmacognosy & Pharmaceutical Analysis)
Courses Offered:
• M.Pharm
• B.Pharm
• D.Pharm



SWAMI VIVEKANAND RESIDENTIAL SCHOOL
Affiliated to CBSE, New Delhi up to +2 Level | Affiliation No. : 331299 English Medium | Co-Ed
SIMULTALA, JAMUI, BIHAR
SVRS • Website : www.svrssimultala.com • Mob.: 7061386907, 8083740985
Salient Features : • Well Equipped Science & Computer Lab • Creative Experiential Learning • Smart Classes • WiFi Campus • SCIENCE CLUB • Rambling Playground • Sports Facilities Both For Indoor & Outdoor • CCA CLUB
ADMISSION OPEN Session : 2026-27
Separate Hostel facility available for Boys And Girls
For Nursery to IX & XI
VACANCY AVAILABLE FOR ELIGIBLE CANDIDATES :
Nursing ,Paramedical & Pharamacy : Tutor, Asso., Asst. Prof. & Professor, HR Manager, Accountant, Sr. Accountant & Clerk

अशोक मसाले का उत्कृष्ट उत्पाद
पावनी
सुगन्धित पूजा अगरबत्ती व धूप
वातावरण पवित्र बनायें !



Required :-
Distributors Contact :- 8787092082
ASM. S.O. S.R. Email at : sales.ashokmasale@gmail.com
अशोक सेल्स कम्पनी प्रा० लि० | 51/92, नयागंज, कानपुर-208001(इंडिया)
Toll Free No. 1800-120-1957 | E-mail: agukl@ashokmasale.in | Website: www.ashokmasale.in